तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024

12 हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा...



12 मतदान केंद्रों की जांच पड़ताल में पहुंचे जनरल...





## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक को चाकू मारा

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट की। पुलिस को प्रार्थी हेमंत दास मानिकपुरी पिता गजाधर (26) निवासी नयापारा ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी दुर्गेश डीजे और मखनू स्वीपर ने गाली गलौज करते हुए चाकू से हाथ को मारकर चोट पहुंचाया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दुर्घटना में एक घायल

**महासमुंद।** एफसीआई चावल गोदाम के पास राजिम मोड़ ग्राम शेर में एक्टिवा चालक ने एक शख्स को टक्कर मार दी। प्रार्थी शेगेश्वर ध्रुव पिता मदनु ध्रुव (27) निवासी कसीडीह जिला गरियाबंद ने पुलिस को बताया कि एक्टिवा के चालक गोलू दीवान निवासी शेर ने उसके बड़े भाई को टक्कर मार दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम शीतलपुर में एक महिला के साथ उसके पति और एक अन्य व्यक्ति ने मारपीट की। पुलिस को प्रार्थिया सुखमनी अजगले पति मनोहर (24) निवासी शीतलपुर ने बताया कि उसके साथ आरोपी मनोहर अजगले पिता जगदीश और एक अन्य ने मिलकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दो जगहों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना और सांकरा थाना अंतर्गत महुआ शराब की अवैध बिक्री के दो मामले सामने आया है। बसना पुलिस ने ग्राम सिरको जमड़ी रोड किनारे आरोपी रामलाल मुखर्जी पिता अहिबरन (51) वर्ष के कब्जे से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए और सांकरा पुलिस ने होटल के सामने कोड़ाकटेल से आरोपी राकेश साहू पिता शंख कुमार साहू (27) के कब्जे से 3500 एमएल महुआ शराब कीमत 700 रुपए को जब्त किया है। इन मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) तथा 34(1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### खेत के मेड़ को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**बसना।** ग्राम खम्हन में बालाराम बलिया के खेत में मेड़ बनाने से मना करने की बात को लेकर दो पक्षों की बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इसे लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहले पक्ष के नवीन कुमार प्रधान पिता गणेश राम प्रधान (57) ने आरोपी नील कुमार पटेल और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ गाली गलौज करते हुए उसके लड़के को हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष के नील कुमार पटेल पिता रामजी (25) ने नवीन कुमार प्रधान और दो अन्य लोगों पर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। दोनों ही मामलों पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 26 अप्रैल तक संपूर्ण दिवस शुष्क अवधि घोषित

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रभात मलिक द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण के लिए मतदान की नियत तिथि 26 अप्रैल 2024 को महासमुंद जिले में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षता पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के समस्त देशी मदिरा दुकान/ देशी कंपोजिट मदिरा दुकान/ विदेशी मदिरा दुकान, प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान, एफएल 3 होटल सपना बार एवं देशी मदिरा भंडारण भांडागार महासमुंद को 24 अप्रैल 2024 को सायं 6 बजे से 26 अप्रैल 2024 को संपूर्ण दिवस बंद रखने के लिए शुष्क अवधि घोषित किया गया है।

# स्काउट-रोवर ने खल्लारी मेले में लगाया प्याऊ शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव के विशेष निर्देशन एवं सचिव कैलाश सोनी के दिशा-निर्देश पर स्थानीय संघ सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एस के गेंदले के मार्गदर्शन में खल्लारी मेला सुहेला में प्याऊ शिविर का आयोजन किया गया है। विदित हो कि विकासखण्ड सिमगा के ग्राम सुहेला में बंजारी नाला के किनारे स्थित मां खल्लारी मन्दिर क्षेत्र में चैत्र पूर्णिमा में हनुमान जयंती पर प्रतिवर्ष तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह मेला 23 से 25 अप्रैल तक आयोजित है।

स्काउट गाइड द्वारा सन् 2010 से आज पर्यन्त मेले में अनवरत प्याऊ शिविर का संचालन जारी है। शिविर संचालन का दायित्व स्काउटर ईनूराम वर्मा, धनेश्वर वर्मा, मनीष बघेल, शत्रुघन वर्मा, नरेंद्र तुरकाने, ओमप्रकाश वर्मा सभी मिलकर निभा रहे हैं।






सुहेला। खल्लारी माता परिसर में 3 दिवसीय मेला का आरंभ हुआ, जहां माता का दर्शन करने दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं।

शिविर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झीपन के शेखर, ओंकार, पूरन, रोशन, शुभम, हिमांशु, उदय, जरौद के गौकरण, दिलेश, विकास, अखिल रोशन, नेवारी के रितेश, गंधेश्वर राहुल, प्रेमनाथ, तरुण, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हथबंध के भुवन, देवेंद्र, सुहेला के रेशु, लक्ष्मीनारायण, नवापारा स्कूल के प्रिंस और स्वामी विवेकानंद ओपन रोवर क्रू मुड़पार के दीपक साहू अरुण, शुभम, गौकरण, अखिल, करण, रावन के कपिल एवं अन्य सभी कुल 35 स्काउट्स एवं रोवर्स ने इस भीषण गर्मी में प्याऊ शिविर में सेवा प्रदान कर मेले में आये दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं को शीतल एवं स्वच्छ जल वितरण कर लोगों की प्यास बुझाने का प्रयास कर अपनी सहभागिता दी है।

### बरगढ़ और सरिया की आबकारी टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

# आबकारी टीम ने पकड़ी 65 लीटर महुआ शराब, लहान किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां

लोकसभा निर्वाचन के दौरान सारंगढ़ बिलाईगढ़ और बरगढ़ जिले के टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय आबकारी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता के निर्देश और कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में यह छापामार कार्रवाई की गई। सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं बरगढ़ जिले के आबकारी की संयुक्त टीम के प्रथम कार्रवाई में बुधवार को ग्राम जलगढ़ के ओडिशा बॉर्डर पर नाला किनारे कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से भारी मात्रा में महुआ मदिरा बनाने की सूचना पर दबिश दी गई।

सूचना स्थल में पहुंचकर विधिवत तलाशी लेने पर 65 लीटर महुआ मदिरा एवं 200 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। मौका स्थल पर मदिरा बनाने योग्य महुआ लाहन का नष्टीकरण किया गया और अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34, 2 के तहत कार्रवाई के साथ आरोपियों की खोज की जा रही है। इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में बरगढ़ जिले के आबकारी स्टेशन भटली के ग्राम बड़गरहा में संयुक्त टीम द्वारा दबिश देने पर आरोपियों से बीयर सहित अन्य कंपनी के मदिरा जब्ती की गई। संयुक्त कार्रवाई में जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ से आबकारी टीम में स.जि.आब.अधि. आनंद वर्मा, उपनिरीक्षक हाबिल खलखो, आबकारी आरक्षक गणेश धीरज, मोहनलाल चौहान नगर सैनिक उमा सिदार एवं आबकारी टीम ओडिशा से डिप्टी सुपरिटेंडेंट बरगढ़ बिकाश नायक, इंस्पेक्टर बिकाश टोपनो, सहायक उप निरीक्षक भटली, उषाबती, सहायक उप निरीक्षक अताबिरा आरती मिंज, सहायक उप निरीक्षक नंदकिशोर प्रधान का विशेष योगदान रहा।



### 114 पौवा शराब जब्त 4 आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार। पुलिस ने भैंसापसरा और पुरेना खपरी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 4 शराब कोचिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि भैंसापसरा में चार ग्रामीणों द्वारा महुआ शराब की अवैध बिक्री की जाने की सूचना को मिल रही थी। शिकायत में यह भी बताया गया था कि शराब की अवैध बिक्री से गांव का माहौल खराब हो रहा है। शाम को शराब पीने के बाद लोग गाली-गलौच करते हैं, जिससे कभी भी अप्रीय घटना घट सकती है। पुलिस ने आरोपियों को दबोचने टीम तैयार की और बुधवार को भैंसापसरा सहित अन्य गांवों के लिए रवाना किया, जहां पुनीत राम पिता गरीबा साहू 63 साल, राजेन्द्र साहू पिता खुमान साहू 48 वर्ष निवासी ग्राम पुरेना खपरी, भुनेश्वर घृतलहरे पिता कांशीराम 27 वर्ष साकिन यदु खम्हरिया, प्रकाश पिता परस घृतलहरे 28 साल साकिन यदु खम्हरिया के कब्जे से 114 पौवा देशी मशाला शराब 20.520 बल्क लीटर कुल कीमत 12540 रुपए को जब्त किया। इसी तरह मोपका थाना भाटापारा ग्रामीण में गिरफ्तारी वारंटी– रूपेश वर्मा पिता राकेश वर्मा 18 साल साकिन पंचशील नगर बलौदाबाजार को गिरफ्तार किया गया है।

# विचाराधीन दो बंदियों में जमकर हुई मारपीट एक रायपुर रेफर




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला जेल में बीती शाम खाना खाने के दौरान विचाराधीन दो बंदियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां से एक को गंभीर अवस्था में रायपुर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार जेल के बैरक नंबर पांच में मंगलवार शाम विचाराधीन बंदियों को खाना दिया गया। इसी दौरान एक ही प्रकरण में जेल दाखिला किए गए कनेकेरा निवासी इंद्रकुमार (26) और सियाराम (21) में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने एक दूसरे पर थाली-गिलास से हमला कर घायल करने लग गए। जैसे ही इसकी जानकारी जेल प्रबंधन को हुई दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए भेजा गया। जहाँ सियाराम को प्राथमिक उपचार के बाद वापस जेल दाखिल कर दिया गया। वहीं, इंद्रकुमार को रायपुर रेफर कर दिया गया। इंद्रकुमार को तीन टांका लगा है। फिलहाल उसे केंद्रीय जेल रायपुर में रखा गया है।

### दोनों को सामान्य चोट

जिला जेल अधीक्षक यूके पटेल ने बताया कि खाना खाने के दौरान बैरक नंबर पांच में 307 के दो आरोपियों के बीच मामले में गवाही देने के नाम पर मारपीट हो गई। मारपीट में उनके कंधे और कान पर चोट आई है, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मारपीट की घटना की सूचना न्यायालय और विविध सेवा प्राधिकरण को दे दी गई।

### बारिश और ओलावृष्टि से रबी धान फसल को भारी नुकसान





**नर्रा।** बागबाहरा ब्लॉक के नर्रा–खट्टी क्षेत्र के गांव लोंदामुड़ा में मंगलवार की रात को बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से धान की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। पकने के कगार पर खड़ी धान की बालियां झड़ चुकी है, जिससे किसानों को नुकसान पहुंचा है।

### अनाधिकृत नशीली दवाओं के विक्रेता को हुई 10 साल की कैद

**महासमुंद।** नशीली दवाओं को बिना अधिकृत लायसेंस होने के बावजूद संग्रहित किए जाने और बेचे जाने के मामले में आरोपी शहर के एक मेडिकल कारोबारी को न्यायालय ने 10 वर्ष की सजा एवं एक लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। नारकोटिक्स एक्ट के मामले में पहली बार सजा का फैसला सामने आया। जिससे नशीली दवाओं के सौदागरों पर लगाम लगने की भरोसा जताया जा रहा है। न्यायालय में आरोप सिद्ध होने पर एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने आरोपी को बिना वैध अनुज्ञप्ति के काफी मात्रा में कफ सिरप, इंजेक्शन (एंपुल), टेबलेट को अवैध रूप से विक्रय हेतु ग्राहक तलाश करते समय पकड़े गए आरोपी को 10 वर्ष की सजा एवं एक लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया करते हुए अर्थदंड की राशि नहीं चुकाए जाने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा अतिरिक्त भुगतने का आदेश जारी किया है।

# छुट्टियों में बच्चे सीखेंगे ड्राइंग-पेटिंग दिया जायेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

आर्टिस्ट हितेंद्र देवांगन द्वारा वर्तमान समय समाज कल्याण में बच्चों के कलात्मकता जैसे – ड्राइंग, पेंटिंग, क्ले आर्ट, रंगोली, क्राफ्ट व मूर्ति जैसे विषयों पर बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। इससे बच्चों में अपनी कला प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा और अपनी कलाशक्ति को बेहतर रूप देकर परिवार व समाज को नई पहचान दिलाने में सक्षम होंगे।

विदित हो कि आर्टिस्ट हितेंद्र की चर्चित कलाकृति में 40 फिट ऊंची आदियोगी शंकर की मूर्ति, 500 वर्गफीट स्वर्णिम भारत माता की रंगोली, 21 वर्षीय राम की वायरल ए आई फोटो की हुबहु जीवंत मूर्ति का स्वरूप देना व इस शिवरात्रि पर बनाई गई फोटो रियालिस्टि शिवलिंग की रंगोली आदि प्रमुख है। इसके साथ साथ हितेंद्र–ग्राफिक डिजाइनिंग, क्ले आर्ट, रेंजिन आर्ट, चलित साइंस प्रोजेक्ट मॉडल, आर्ट एंड क्राफ्ट व प्रोट्रेट कला मे भी कुशलता हासिल की है।



हितेंद्र द्वारा दी जा जाने वाला यह प्रशिक्षण निःशुक्ल होगा, जिसकी अवधि 1 से 8 मई स्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेंटर सिमगा तथा 8 मई से 15 मई तक स्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेंटर खरोरा होगा। जहां कला प्रतिभा के साथ–साथ, शारीरिक योगाभ्यास, राजयोग ध्यान, नैतिक मूल्य, वल्यु गेम्स, सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेमोरी डेवलपमेंट से संबंधित विषयों पर जानकारों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### नियुक्ति के साथ कार्यकर्ताओं ने संसदीय क्षेत्र में लिया जीत का संकल्प

# कांग्रेस के विस प्रभारी प्रचार करने पहुंचेंगे गांव-गांव


हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेदु की स्वीकृति से एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामविलास साहू के अनुमति एवं निर्देश पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभी 90 विधानसभा में छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति किया गया है। विधानसभा प्रभारी की यह जवाबदारी दी गई है कि जिस क्षेत्र में प्रभारी नियुक्त किया गया हैं, उस लोकसभा के प्रत्याशी से सामांजस्य बना कर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में किसान कांग्रेस के अन्य साथियों के साथ मिलकर विधानसभा के अधिक से अधिक मतदाताओं से सम्पर्क करें। उन्हें कांग्रेस पार्टी की घोषणा पत्र एवं पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा की गई किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दे। यह भी बताएं की यह सारी योजनाओं के फायदे सिर्फ कांग्रेस की सरकार रहने पर ही मिलेगा। प्रभारी नियुक्त होने पर सरधा पटेल को क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी।



सरधा पटेल ने कहा की भाजपा सरकार किसानों के हितों को नहीं समझती और इसे बंद कर देश के चंद उघोगपतियों को फायदा पहुंचाने में विश्वास करती हैं। प्रभारी नियुक्त होने के बाद सरधा पटेल ने कहा की हम बिलाईगढ़ विधानसभा के घर–घर जाकर किसानों से मुलाकात करेंगे और पिछले कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों के प्रति चलाए गए योजनाओं एवं किसानों के हितों में किए गए कार्यों को अवगत कराएंगे और बताएंगे कि किस प्रकार सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही है जो किसानों के हित में कार्य कर रही है। आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसानों का ध्यान 3100 में खरीदा गया यह भी कांग्रेस सरकार की देन है। अगर कांग्रेस किसानों के धान का मूल्य नहीं बढ़ाती तो भारतीय जनता पार्टी 2100 में ही धान की खरीदी करती। आने वाले लोकसभा चुनाव में निश्चित ही इस क्षेत्र से कांग्रेस को बड़ी जीत मिलेगी, क्योंकि कांग्रेस ही है जो लोगों के हित में कार्य कर रही है।

### जोन कमेटी की बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने का संकल्प



पलारी। विगत दिनों पलारी ब्लाक के अमेरा जोन अंतर्गत विभिन्न बूथ कोसमंदी, रसौटा, बिनौरी, अमेरा, छेरकापुर, कोनारी, मल्लीन, मोहतरा, लछनपुर, ठेलकी में बूथ स्तर में बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव का जायजा लेने बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी महामंत्री गोपी साहू सभी बूथ में पहुंचकर आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति और कार्यशैली पर चर्चा की। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास हर समस्या का समाधान है। महिलाओं को महालक्ष्मी गृह योजना के तहत 1 लाख रुपये सलाना दिया जायेगा, किसानों को फसलों पर एमएसपी मिले उसके लिए कानून बनाया जाएगा, 30 लाख रिक्त पद भरे जाएंगे। उन्होंने बैठक में कार्यकर्ताओं को जांजगीर-चांपा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया को विजयी बनाने अपील की। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष गणेश शंकर जायसवाल, राजकुमार साहू, संतोष देवांगन, महेश्वर चंद्राकर सहित सभी सेक्टरों के अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सामग्री वितरण के लिए अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सामग्री वितरण स्थल/मतगणना स्थल कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद में विधानसभा 39-सरायपाली, 40-बसना, 41-खल्लारी एवं 42-महासमुंद का स्ट्रांग रूम स्थापित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा संजय कुमार चौधरी वरिष्ठ कोषालय अधिकारी को स्ट्रांग रूम का नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के रूप में देवेंद्र कुमार बांबोड़े सहायक कोषालय अधिकारी को नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के सहयोग के लिए जिले में विधानसभावार तीन-तीन कुल 12 अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई है।

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

**खबर संक्षेप**



## पशु पक्षियों के लिए की जा रही पेयजल की व्यवस्था

**महासमुंद।** पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के संयोजन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते दो वर्ष से ग्रीष्मकाल में पशु पक्षियों के लिए जलदान महाभियान चलाया जा रहा है। जगह-जगह जल पात्र रखकर सुबह-शाम जल भरकर मवेशियों के लिए पीने की पानी का इंतजाम किया जा रहा है। दानदाताओं के सहयोग से आरंग, महासमुंद, नया रायपुर, मंदिर हसौद, अभनपुर सहित सैकड़ों स्थानों पर जल पात्र रखा गया है।

## खाना बनाना नहीं आता कहते हुए पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम खोखेपुर में एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट की। पुलिस को प्रार्थिया रूपनी प्रधान पति केशनाथ प्रधान (23) ने बताया कि उसके पति आरोपी केशनाथ प्रधान ने खाना बनाना नहीं आता कहते हुए गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर सिर पर चोट पहुंचाया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## निगरानी करने अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की विधानसभावार ड्यूटी लगाई गई है। उक्त कर्मचारी नोडल अधिकारी वेबकास्टिंग पंकज मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे। विधानसभा 39-सरायपाली के मतदान केंद्रों का वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी के लिए लक्ष्मी ध्रुव सहायक ग्रेड-3 कृषि, तारिणी चंद्राकर सहायक ग्रेड-3 पंचायत, एवं नमिता ठाकुर सहायक ग्रेड-3 कृषि उपज मंडी समिति की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह विधानसभा 40-बसना के लिए ममता चंद्राकर सहायक ग्रेड-3 जल संसाधन संभाग लतिका ध्रुव सहायक ग्रेड-3 एवं खुशबू चंद्राकर सहायक ग्रेड-03 पीएचई, विस 41-खल्लारी के लिए श्वेता कोचर सहायक ग्रेड-3 आयुर्वेद विभाग, भानुप्रिया ध्रुव सहायक ग्रेड-3 एवं सविता सिन्हा सहायक ग्रेड-2 वन विभाग तथा विधानसभा 42-महासमुंद के लिए गीता चंद्राकर डाटा एंट्री ऑपरेटर वाणिज्यकर, योगेश्वरी साहू सहायक ग्रेड-3 एवं लक्ष्मी चौहान सहायक ग्रेड-3 खंड चिकित्सा की ड्यूटी लगाई गई है।

## फर्जी आईडी-डीपी लगाकर कंपनी से धोखा, गिरफ्तार

**रायपुर।** वाट्स एप पर फर्जी आईडी व डीपी बनाकर कंपनी से धोखाधड़ी कर उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपी को सिविल लाइंस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी हिमांशु श्रीवास्तव निवासी सरोना ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह एसीबी इंडिया प्रा. लिमि. कंपनी में कार्य करता है, मोबाइल धारक कंपनी के डॉयरेक्टर रुद्रसेन सिंधु की डीपी व फर्जी आईडी बनाकर कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहा है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि आरोपी का नाम अनंत कुमार सिंह निवासी चिराचास जिला बोकारो झारखंड का रहने वाला है। इसके बाद पुलिस टीम को झारखंड के लिए रवाना किया, जहां उसे गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया है।

**चुनाव : प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक-एक हेल्पलाइन डेस्क भी**

# जिले में सफलतापूर्वक मतदान कराने कृषि मंडी परिसर में हुआ मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को सामग्री वितरण एवं जमा करने तथा रूट चार्ट की दी जानकारी



जिले में लोकसभा मतदान प्रक्रिया को निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने मंडी स्ट्रांग रूम में बुधवार को मॉकड्रिल हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार प्रशिक्षकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को संपूर्ण प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को स्ट्रांग रूम में मतदान तिथि के एक दिन पूर्व 25 अप्रैल को सुबह मतदान सामग्री प्राप्त करने तथा मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान संपन्न होने के पश्चात मतदान सामग्रियों की वापसी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग एवं आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए 01-01 हेल्पलाईन डेस्क बनाया गया है।

मॉकड्रिल के दौरान सहायक एआरओ, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारीगण ने कृषि उपज मंडी स्ट्रांग स्थित स्ट्रांग रूम में पहुंचकर निर्वाचन कार्य से जुड़े अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में अधिकारी-कर्मचारियों के प्रवेश द्वार, सुरक्षा में तैनात पुलिस एव अर्धसैनिक बलों के लिए निर्धारित स्थान, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, वेब कास्टिंग के लिए निर्धारित स्थल आदि का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षा आदि की चाक-चौबंद व्यवस्था के अलावा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले के लोकसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए सामग्री वितरण केंद्र के अलावा मतदान सामग्री प्राप्त करने एवं जमा करने के लिए आने वाले मतदान कर्मियों के भोजन एवं जलपान व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए महासमुंद जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के 1080 मतदान केंद्रों के लिए कृषि उपज मंडी महासमुंद में सामग्री वितरण 25 अप्रैल को सुबह 6 बजे से किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामग्री का वितरण पिटियाझर स्थित मंडी परिसर से किया जाएगा। इसके लिए 16-16 काउंटर बनाए गए हैं। सामग्री वितरण के लिए प्रत्येक विधानसभा में 80-80 कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। सर्वप्रथम राजनीतिक दल की उपस्थिति में स्ट्रांग खोला जाएगा। तत्पश्चात मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त करेंगे और अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे। इसके लिए 235 रूट चार्ट बनाए गए हैं। पूरे लोकसभा में मतदान दलों में कुल 10804 कर्मचारी उपलब्ध होंगे।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज का भी अनुमति दिए गए है। बशर्ते उसका नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा- आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार/, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

## आंधी के साथ हुई बारिश ...



**नर्रा।** बीते रात मंगलवार रात को मौसम ने अचानक करवट ली। नर्रा सहित आसपास के गांवों में तेज हवा के अलावा गरज चमक के साथ बारिश हुई। ओले गिरे। देर रात बारिश और अंधड़ के वजह से बिजली गुल हो गई है। गांव व क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा। तेज हवा के चलते पेड़ पौधे व डंगाल गिर गए। नर्रा सोसायटी में लगे टिन शेड को उड़ गए। वहीं बारिश के साथ ओले गिरने से रबी धान फसल को नुकसान होने की खबर है। सुबह लगभग दस बजे आसपास बिजली बहाल हो पाया।

## स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर मतदान करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन में विगत कई सप्ताह से मतदाता जागरुकता संबंधी अनेक कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक करने की अनोखी पहल की जा रही है। जिसमें दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता, फन-फूड-म्यूजिक फेस्टिवल, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नमंच, रैली, मोटरसायकल रैली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक करने का बेहतरीन प्रयास किया जा रहा है। मतदाता जागरुकता की इस कड़ी में जिला स्वीप समन्वयक व जिला संगठक रासेयो अधिकरी डा मालती तिवारी व शांत्रीबाई महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर की अगुवाई में शांत्रीबाई महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने महासमुन्द जिलें में आयोजित विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। शांत्रीबाई महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाताओं को जागरुक करने के लिए रैली, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नमंच, मानव श्रृंखला, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, गांवों के दिवारों में नारा लेखन, शहर के ऐसे क्षेत्र जहां मतदान प्रतिशत विगत चुनावों में कम है, वहां घर-घर जाकर मतदान करने की अपील कर रहे है। ये स्वयं सेवक 26 अप्रैल को भी अपने-अपने मतदान क्षेत्र में मतदाता मित्र के रुप में सेवाकार्य में संलग्न रहेंगे।

मतदाता जागरुकता की इस कड़ी में महाविद्यालय स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक द्वारा सभी नागरिकों को 26 अप्रैल को अनिवार्यतः मतदान करने की अपील की। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी घनश्याम साहू ने दी।

## सार्वजनिक सभाओं का प्रतिषेध संबंधी दिशा-निर्देश जारी

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 अतंर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान सार्वजनिक सभाओं का प्रतिषेध संबंधी दिशा-निर्देश जारी किया है। जारी निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान क्षेत्र में उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान, निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा या चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा। कोई संगीत समारोह या कोई नाटय अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। वह व्यक्ति, जो उपधारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा कारावास जिसकी अवधि 2 वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दंडनीय होगा। इस धारा में निर्वाचन संबंधी बात पद से अभिप्रेत है कोई ऐसी बात जो किसी निर्वाचन के परिणाम पर असर डालने या उसे प्रभावित करने के लिए आशयित या प्रकल्पित है।

## बेलसोंडा में पांच दिवसीय अखंड रामायण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम पंचायत बेलसोंडा में पांच दिवसीय अखंड रामायण कार्यक्रम का हवन पूजन, भंडारा एवं भगवान की बारात के साथ समापन हुआ। अखंड रामायण समिति के अध्यक्ष दिलीप धीवर ने बताया कि पूरे कार्यक्रम में ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। समिति के संरक्षक उदेराम साहू, मंच संचालक शत्रुघ्न साहू तथा प्रकाश साहू, रामसहाय साहू, तुलसीराम सेन, गनेश्वर साहू, यज्ञ देवांगन, ज्ञानिक साहू, प्रेमलाल चंद्राकर, महेश धीवर, राधेश्याम ध्रुव, शिव यादव, मधु साहू का सक्रिय योगदान रहा। सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने बताया कि अखंड रामायण के प्रत्येक कांड को सुनना परम सौभाग्य की बात होती है, लेकिन इस बार वे अपने भाई की विवाह में जाने के कारण वह हवन कार्यक्रम से वंचित रह गई। गांव के जनता जनार्दन को इस अविरल मंदाकिनी धारा में गोता लगाने का सौभाग्य प्राप्त होने से उनको भी जनता के माध्यम से आशीर्वाद प्राप्त हो गया। सरपंच श्रीमती चंद्राकर ने महिला शक्ति को जगाने के उद्देश्य से बताया कि बचपन से हमारे अंदर आध्यात्मिक दृष्टि से मनुष्य के अंदर पशु होने से परमात्मा होने की संभावना विद्यमान रहती है, बुद्धू होने से बुद्ध बनने की संभावना विद्यमान है, पागल होने से परमहंस बनने की संभावना विद्यमान है, नर से नारायण, कंस से श्रीकृष्ण, रावण से श्रीराम तथा अंगुलिमाल से बुद्ध बनने की संभावना विद्यमान रहती है तो क्यों न हम अपने अंदर छुपी शक्ति को उजागर करे। सरपंच श्रीमती चंद्राकर ने इस अखंड रामायण के माध्यम से जनता जनार्दन को खासकर महिलाओं को अपने मे निहित शक्ति का भान तथा ज्ञान को बाहर लाकर अन्याय, अत्याचार तथा रामायण कार्यक्रम में दखल देने वाले मारीच, सुबाहु जैसे राक्षसों से लड़ने के लिए बताया।

## मतदान दलों का आवंटन एवं माइक्रो ऑब्जर्वर की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय लोकसभा क्षेत्र 9 महासमुंद के लिए बूथवार मतदान दलों के आबंटन के लिए एवं माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रतिनियुक्ति को लेकर सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल की अध्यक्षता में एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में तृतीय रेंडमाइजेशन का कार्य किया गया। जिसमें लोकसभा क्षेत्र 09 अंतर्गत महासमुंद, गरियाबंद एवं धमतरी के आठों विधानसभा क्षेत्र 39-सरायपाली, 40-बसना, 41-खल्लारी, 42-महासमुंद, 54-राजिम, 55-बिंद्रानवागढ़, 57-कुरूद एवं 58-धमतरी के कुल 2147 मतदान केंद्रों के लिए कुल मतदान दलों को कंप्यूटरीकृत प्रणाली से बूथवार आबंटित किया गया। इसी तरह सभी केंद्रों में माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति रेंडमाइजेशन के जरिए किया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कहा कि मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिए मॉक ड्रिल में सभी जरूरी चीजों का पूर्वाभ्यास कर ले। वितरण से लेकर मतदान केंद्र तक पहुंचने और मतदान दल की वापसी तक के लिए रूट मैप के अनुसार तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस निर्वाचन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस है। मतदान दल रवानगी, मतदान दल की पहुंच एक दिन पूर्व शाम 5 बजे तक किसी भी स्थिति में पूर्ण हो जाए। मतदान दिवस के दौरान सुबह 5 बजे मतदान दल मतदान कक्ष में पहुंचकर आवश्यक व्यवस्था अनुसार मॉक पोल प्रारंभ कर दें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि सभी बसों में जीपीएस ट्रैकर लगाए गए है, इससे मतदान दल रवानगी की स्थिति का पता चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी और माइक्रो ऑब्जर्वर निरंतर रिपोर्ट देते रहे। उन्होंने किसी भी निर्मित स्थिति के लिए तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि मतदान दिवस के दिन आधा मतदान केंद्रों का वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इसके लिए कर्मचारी-अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने मॉक पोल, पोलिंग प्रारंभ, पोलिंग समाप्त आदि की जानकारी निर्धारित समय पर देने के निर्देश भी दिए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अपर कलेक्टर रवि साहू, महासमुंद, गरियाबंद एवं धमतरी के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे।



## जन्मोत्सव के अवसर पर भंडारे का आयोजन

**महासमुंद।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर जय हिंद महाविद्यालय एवं सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट की ओर से कचहरी चौक स्थित हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जय हिंद महाविद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व पर बीएड और नर्सिंग के समस्त छात्र–छात्राओं एवं सभी शिक्षकों द्वारा हनुमान की धूप–दीप से पूजा – अर्चना कर आरती की गई। हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान की महिमा का गायन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्थापक मोतीचंद बाफना और महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त सहायक प्राध्यापकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अग्निवीर थल सेना के लिए साहिल का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट साहिल साहू का चयन अग्निवीर थल सेना में हुआ है।

साहिल साहू के पिता हेमलाल साहू भोरिंग निवासी हैं। साहिल साहू प्रशिक्षण के लिए आर्टिलरी ट्रेनिंग सेंटर हैदराबाद के लिए रवाना हुए, जहां स्टेशन में उनका परिवार तथा एनसीसी परिवार उपस्थित रहे। साहिल ने एनसीसी में रहते अग्निवीर थल सेना की तैयारी शुरू कर दी थी। उनकी मेहनत और लगन का परिणाम उनको आज मिला हैं। साहिल शुरू से ही एनसीसी की हर गतिविधियों में सक्रिय रहते थे। इस सफलता से महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो डॉ अनुसुइया अग्रवाल और साथ ही पूरा महाविद्यालय परिवार हर्षित है। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर ने हौसला बढ़ाया और मार्गदर्शन किया।

महासमुंद एनसीसी परिवार और महाविद्यालय परिवार इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

## वार्डों में घर-घर जाकर किया जा रहा मतदान के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



मतदाता जागरुकता अभियान में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बसना के विभिन्न वार्डों में ने घर-घर जाकर मतदान कराने सम्पर्क किया। डॉ गजानंद अग्रवाल और उनके साथी द्वारा अधिक-से-अधिक मतदान हो, इसके लिए घर-घर कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरुकता चलाया जा रहा है। अपने-अपने मतदेय स्थलों में मतदान करने का अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नगर से बाहर रह रहे मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें अपने ही नगर में मतदान करने की अपील भी की जा रही है। नगर के विभिन्न कार्यों में मतदाताओं से संपर्क कर 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की है। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को उनको आवश्यकतानुसार उनको मतदान केंद्र तक पहुंचाने व घर छोड़ने के लिए व्यवस्था भी होगी। साथ ही नागरिकों को लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित कराने 26 अप्रैल को मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करने का संदेश दे रहे हैं। जिला महामंत्री नारायणपुर बस्तर संजय नंदी, जिला संयोजक सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ महासमुंद डॉ . गजानन अग्रवाल, जिला सयोजक व्यापार प्रकोष्ठ किशोर आर्य, जिला सयोंजक झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ राजेंद्र प्रजापति, गिरधारी डड़सेना दीपक शर्मा, घनश्याम यादव, टिकेलाल, अचिंत दास आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शादी-ब्याह का सीजन, 48 हजार ने किया हवाई सफर

**रायपुर।** शादी-ब्याह का मौसम होने की वजह विभिन्न शहरों के लिए यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ी है। इसका असर हवाई सफर पर भी हुआ है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से बीते सप्ताह आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या 48 हजार से अधिक थी। एयरपोर्ट प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि बीते सप्ताह की तुलना में इस बार यात्रियों की संख्या में करीब पांच प्रतिशत का इजाफा हुआ है। सबसे अधिक यात्रियों ने 15 और 19 अप्रैल को आवाजाही की थी। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में विमान यात्रियों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है। रायपुर से अभी नियमित रुप से विभिन्न शहरों के लिए विमान 44 से 50 बार आवाजाही कर रहे हैं।

### तीन साल में एक हजार अस्पतालों की शिकायत

**रायपुर।** आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मरीजों का निशुल्क इलाज करने में अनियमितता की पिछले तीन साल में कुल 995 शिकायत स्टेट नोडल एजेंसी तक पहुंची है। आरटीआई में एक्टिविस्ट संजीव अग्रवाल ने बताया कि उनके द्वारा मांगी गई जानकारी पर एसएनए द्वारा बताया गया कि शिकायतों के आधार पर राज्य के 26 अस्पतालों को योजना से निलंबित किया गया, 25 पर जुर्माना और पांच का पंजीयन निरस्त किया गया। प्राप्त शिकायतों में कई मामले तथ्यहीन पाए गए थे।

### मतदाता पर्ची का वितरण

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत सात मई को होने वाले मतदान के लिए मतदाता पर्ची का वितरण शुरु हो गया है। नगर-निगम के दक्षिण हिस्से में स्थित संत ज्ञानेश्नर उमा. शाला के मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। बूथ लेवल ऑफिसर गोकुल साहू का शंकर नगर शिक्षा महाविद्यालय के बीएड छात्रा हेमधर साहू ने सहयोग किया। इस दौरान मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की गई।

### रायपुर में दो कोरोना एक्टिव केस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से एक बार फिर कोरोना के वायरस का खात्मा हो चुका है। वर्तमान में रायपुर जिले में इसके दो एक्टिव केस है जिसके एक दो दिन में स्वस्थ होने के आसार है। राज्य में कुछ दिन पहले कोरोना का मामला जीरो हो गया था फिर सर्दी-खांसी की जांच के दौरान दो लोगों को कोरोना पॉजिटिव पाया गया था जिनका इलाज होम आईसोलेशन में चल रहा है। अभी रोजाना तीन से पांच सौ लोगों की राज्य में कोविड जांच हो रही है मगर किसी को संक्रमित नहीं पाया जा रहा है। गर्मी बढ़ने की वजह से इस संक्रमण की शिकायत एक बार फिर कम हो चुकी है। राज्य में 32 जिले कोरोना मुक्त हो चुके हैं।

### पक्षियों के लिए दाना और सकोरे किए वितरित

**रायपुर।** नेकी कर फाउंडेशन द्वारा श्रीराम मंदिर के प्रांगण में विगत दिनों पक्षियों के लिए सकोरा व दाना का वितरण किया गया। इस आयोजन में संस्था द्वारा रायपुरवसियों को पशु-पक्षियों की सेवा के लिए प्रेरित किया गया। संस्था द्वारा 2 हजार सकोरे और 3500 पैकेट दाना का वितरण किया गया। इस कार्य में 30 वॉलंटियर्स ने सेवा दी।

# गर्मी में अंडों ने भी दिखाया ताव, खाने लगे भाव, चिल्हर में कीमत छह रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आमतौर पर गर्मी में अंडे का भाव तीन से चार रुपए ही रहता है, लेकिन लगातार दूसरे साल थोक में जहां अंडा सवा पांच रुपए है, वहीं चिल्हर में छह रुपए हो गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि उत्पादन कम हो गया है, क्योंकि गर्मी में अंडे जल्दी खराब हो जाते हैं। अपने राज्य में अंडों का उत्पादन भारी मात्रा में होता है। यहां सामान्य दिनों में रोज 70 लाख अंडों का उत्पादन होता है, लेकिन गर्मी में उत्पादन कम कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ का नाम भी ज्यादा अंडा उत्पादन करने वाले राज्यों में शामिल है। यही वजह है कि यहां से दूसरे राज्यों में रोज अंडे जाते हैं। यहां कई बड़े पोल्ट्री फार्म हैं। इनमें लाखों की संख्या में अंडों का उत्पादन रोज होता है। कोरोनाकाल में जब लॉकडाउन लगा था, तब पोल्ट्री फार्म संचालकों की हालत खस्ता हो गई थी। यहां 20 करोड़ से ज्यादा अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था। स्थिति अंडों को फेंकने की आ गई थी, लेकिन लॉकडाउन हटने के बाद राहत मिली थी। इसके बाद से लगातार अंडों का अच्छा उत्पादन हो रहा है और दूसरे राज्यों में अंडे भेजे जा रहे हैं। बीते साल दो माह का सावन पड़ने के कारण भी अंडों का कारोबार प्रभावित हुआ और बड़ी संख्या में इन्हें कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था।

#### कीमत आसमान पर

गर्मी के समय में अंडे की कीमत आमतौर पर थोक में साढ़े तीन से चार रुपए और चिल्हर में चार से साढ़े रुपए रहती है, लेकिन इस बार गर्मी में कीमत में बढ़ोतरी हो गई है। बीते साल भी अंडों की कीमत छह रुपए हो गई थी। इस साल भी गर्मी में कीमत आसमान पर चली गई है। थोक में कीमत सवा पांच रुपए और चिल्हर में छह रुपए हो गई है।

#### खराब होने के डर से उत्पादन भी घटाया



#### घटाया उत्पादन

गर्मी के कारण अंडों का उत्पादन 70 फीसदी ही हो रहा है। सामान्य दिनों रोज 70 लाख के आसपास अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 30 से 40 फीसदी दूसरे राज्यों में भेजे जाते हैं, लेकिन इस समय उत्पादन 50 लाख के आसपास हो रहा है। इसमें से बहुत कम अंडे दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। पिछले साल ठंड के समय में अपने राज्य में 70 लाख में से 60 लाख अंडों की खपत हो रही थी।

## हर उम्र में माइग्रेन से लेकर पैरालिसिस अटैक तक की आ रही समस्या

**बढ़ रहीं न्यूरो से संबंधित समस्याएं**

# कम फिजिकल एक्टिविटी और सोशल मीडिया पर ज्यादा वक्त बढ़ा रहा टेंशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बदलती लाइफ स्टाइल से कम हो रही फिजिकल एक्टिविटी और सोशल मीडिया पर ज्यादा वक्त बीतने की वजह से न्यूरो से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं। अब हर उम्र में माइग्रेन से लेकर पैरालिसिस अटैक जैसी परेशानी आने लगी है। राज्य के एकमात्र शासकीय डीके अस्पताल के न्यूरोलॉजी और सर्जरी विभाग में मरीजों के इलाज के लिए सौ से ज्यादा बेड हैं, जो अक्सर भरे रहते हैं।

- डीके अस्पताल में न्यूरोलॉजी, सर्जरी विभाग में सौ बेड जो अक्सर फुल

चिकित्सकों के मुताबिक मस्तिष्क की नसों से संबंधित समस्या की मूल वजह स्ट्रेस यानी तनाव होता है। पिछले कुछ सालों से इस तरह की परेशानियां बढ़ी हैं और लोग माइग्रेन यानी अक्सर रहने वाले सिरदर्द से लेकर पैरालिसिस अटैक, ब्रेन हेमरेज के शिकार हो जाते हैं। डीके अस्पताल में होने वाली नियमित ओपीडी में रोजाना तीन से चार सौ मरीज पहुंचते हैं, जिसमें से आधे मरीज न्यूरोलॉजी और न्यूरो सर्जरी विभाग के होते हैं। दोनों विभाग में इलाज के लिए भर्ती किए जाने वाले मरीजों के लिए सौ से अधिक बेड की व्यवस्था है, जो हमेशा फुल रहते हैं और कई बार मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने के लिए इमरजेंसी में रखकर कई दिनों तक इलाज करना पड़ता है।

चिकित्सकों के अनुसार बदलती लाइफ स्टाइल की वजह से इस तरह की परेशानियां काफी बढ़ी हैं। लोगों का ध्यान शारीरिक गतिविधियों से कम हो चुका है और वे ज्यादा से ज्यादा वक्त सोशल मीडिया में एक्टिव रहने के लिए मोबाइल, कंप्यूटर अथवा लैपटाप के सामने बिताते हैं। इससे उनके मस्तिष्क पर जोर पड़ता है, जो न्यूरो से संबंधित परेशानियों का कारण बन जाता है। इसी तरह प्रदूषण और नशे की लत भी लोगों को इस बीमारी की तरफ धकेलती है।

#### विशेषज्ञों का कहना

लाइफ स्टाइल में हो रहे बदलाव की वजह से विभिन्न तरह की समस्याएं आ रही हैं। सोशल मीडिया में ज्यादा सक्रियता के लिए स्क्रीन टाइम बढ़ने, शारीरिक गतिविधियों की कमी की वजह से भी तनाव बढ़ रहा है जो न्यूरो से संबंधित परेशानी का कारण बन जाता है। इस तरह की परेशानी से बचने के लिए लोगों को अनावश्यक तनाव लेने से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

- डॉ. राजीव साहू, प्राध्यापक न्यूरो सर्जरी, डीके अस्पताल



#### प्रदूषण और नशा भी वजह

बढ़ते वायु प्रदूषण की वजह से नसों पर दुष्प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही युवा वर्ग में विभिन्न तरह के नशे का शौक भी इस तरह की बीमारियों को आमंत्रण देता है। बीपी-शुगर जैसी दवाओं की अनियमितता भी इस तरह की बीमारियों का कारण बन जाता है।

- डॉ. अर्पित अग्रवाल, सह प्राध्यापक, न्यूरोलॉजी डीके अस्पताल

#### अनियमित दवा और नशा भी कारण

चिकित्सकों के मुताबिक अब बीपी-शुगर की समस्या आम हो चुकी है और नियमित दवा लेकर नियंत्रित रखा जाता है। इसमें की जाने वाली लापरवाही की वजह से कई बार परेशानी उत्पन्न हो जाती है। मस्तिष्क से संबंधित नसों की समस्या का एक वजह बढ़ता प्रदूषण भी है और नशे की लत भी कई बार अत्याधिक तनाव की वजह से इस तरह की बीमारियों की वजह बन जाती है।

#### बिलासपुर-जगदलपुर में शुरुआती दौर

न्यूरो से संबंधित बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर के सिम्स और जगदलपुर मेडिकल कालेज में सुपर स्पेशलिटी सुविधा के तहत इस बीमारियों का इलाज किया जाना है। इसके लिए विशेषज्ञों की नियुक्त के बाद अन्य तैयारियां पूरी की जा रही हैं। राज्य स्तर पर न्यूरो से संबंधित बीमारियों का इलाज डीके अस्पताल में किया जाता है। यहां आठ विशेषज्ञ सेवा दे रहे हैं और राज्यभर से न्यूरो से संबंधित मरीजों को इलाज के लिए यहां भेजा जाता है, जिसकी वजह से कई बार स्थिति ओवरलोड की हो जाती है।

## वेंडरों के लिए भुवनेश्वर की तर्ज पर 400 स्मार्ट कॉर्ट उपलब्ध कराएगा नगर निगम




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर में नगर निगम से पंजीकृत वेंडरों को ओडिशा की भुवनेश्वर सिटी की तर्ज पर स्मार्ट कॉर्ट उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रथम चरण में 4 जगहों पर प्रस्तावित वेंडिंग जोन के लिए 400 स्मार्ट कॉर्ट दिये जाएंगे। जीरो बजट में पीपीपी मोड में यह सारा काम होगा, जिसमें नगर निगम को फूटी-कौड़ी का भी खर्च नहीं आएगा। विज्ञापन एजेंसी अपने खर्च पर यह काम कराएगी। इसके एवज में उसे वेंडिंग जोन स्थल पर विज्ञापन बोर्ड लगाकर प्रचार करने का अधिकार मिलेगा।

- पीपीपी मोड पर काम, जीरो बजट पर विज्ञापन एजेंसियों से सहयोग
- प्रथम फेज में 4 जगहों पर बनाए जाएंगे वेंडिंग जोन

#### यहां बनाएंगे वेंडिंग जोन

शहर के 4 जगहों पर भुवनेश्वर सिटी के पैटर्न पर वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। जहां एक ही रंग के स्मार्ट कॉर्ट नजर आएंगे। ये स्मार्ट कॉर्ट निगम से पंजीकृत वेंडरों को उपलब्ध कराए जाएंगे। शुरुआत में 4 जगहों के लिए 400 स्मार्ट कॉर्ट स्ट्रीट वेंडरों के लिए होंगे। ये वेंडिंग जोन गांधी उद्यान के समीप, पुजारी पार्क के पास, जब्बार नाला के पास, पाम ब्लाजियो के नजदीक और बूढ़ापारा धरनास्थल की खाली जगह पर बनाए जाएंगे। जहां वेंडिंग जोन के साथ सीटिंग जोन बनाए जाएंगे। इसमें वाई-फाई और चार्जिंग पाइंट की सुविधा लोगों को मिलेगी। वेंडिंग जोन क्षेत्र को जगमगाने के लिए सोलर लाइट का इस्तेमाल किया जाएगा।

#### पंजीकृत वेंडरों को देंगे

शहरी आजीविका मिशन की प्रभारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि 4 जगहों पर शुरुआत में पीपीपी मोड पर स्मार्ट वेंडिंग कॉर्ट लगाए जाएंगे। ये चलित गुमटियां सुव्यवस्थित रूप से आसपास के पंजीकृत वेंडरों को ही दी जाएंगी।

# आयुष्मान का भुगतान लंबित, काम बंद करने आईएमए ने दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत किए गए उपचार का भुगतान लंबित होने से निजी अस्पतालों ने नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को आईएमए रायपुर शाखा की आपात बैठक में योजना के तहत इलाज नहीं करने की चेतावनी दी गई है। इस मामले में अन्य शाखाओं से चर्चा और स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने मुलाकात करने के बाद आगे रणनीति तैयार की जाएगी।

- रायपुर शाखा की हुई आपात बैठक, अफसरों से होगी मुलाकात

रायपुर हास्पिटल बोर्ड के अध्यक्ष डा. अनिल जैन तथा आईएमए रायपुर सचिव डा. दिग्विजय सिंह ने बताया कि बैठक में पिछले कई महीनों से आयुष्मान योजना के लंबित भुगतान पर चर्चा हुई और सदस्यों ने लंबित भुगतान नहीं मिलने तक आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं करने पर सहमति जताई। इस मामले में रायपुर के पदाधिकारी प्रदेश की अन्य शाखाओं से बातचीत करेंगे। आईएमए पदाधिकारियों ने कहा है कि पिछले चार माह में स्वास्थ्य मंत्री से दो बार और अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले से मुलाकात किया था मगर वहां से आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला जिसे लेकर सदस्यों में काफी रोष हैं। उन्होंने कहा कि अनियमित भुगतान की वजह से अस्पताल वालों को कर्तव्य का पालन करने में दिक्कतें आ रही हैं। हरियाणा और गुजरात में अस्पतालों ने अनियमित भुगतान की समस्या होने के कारण आयुष्मान योजना से मरीज़ों का इलाज पूर्णतया बंद कर दिया है। इस मामले में प्रदेश स्तर का डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल शासन स्तर पर अधिकारियों से मिलेगा।

# स्वामी आत्मानंद का परीक्षा परिणाम घोषित





हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

विद्यालय में एक वर्ष की पढ़ाई के बाद अब नतीजे घोषित किये गए है। विदित हो कि नगर पंचायत कसडोल में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट गुरु घासीदास अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने मां सरस्वती पूजा पश्चात कार्यक्रम का शुभांरभ किया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत अभिवादन किया। इसके बाद रिजल्ट जारी किया गया, जिसमें कक्षा कक्षा पहली प्रथम दीपशिखा 97.7%, द्वितीय यूथिका 97.5%, तृतीय शिवन्या 95.6%, कक्षा दूसरी में प्रथम सुनिधि निषाद 98.66%, द्वितीय घनादित्य पैकरा 96.95%, तृतीय आयुष कुमार साहू, कक्षा तीसरी में प्रथम पीहुल 95.85% वाशु और पूर्वेश 95%, मानवी 90%, चौथी में प्रथम आयुष कुमार साहू 97%, द्वितीय भूमि साहू 65.28%, दीपेश कुमार बघेल 95.57%, कक्षा पांचवी में प्रथम हर्ष कुमार यादव 97.57%, द्वितीय रीदविका वर्मा 94.42, तृतीय ऐश्वर्या चेलक 90, कक्षा छठवीं A प्रथम त्रिवेणी साहू 92%, द्वितीय जतिन साहू 91%, तृतीय वोशी चंद्राकर 90%, कक्षा छठवीं B प्रथम लीशा साहू 94.23%, द्वितीय विभा खण्डेकर, आभा गुप्ता 92% तृतीय सौम्या साहू 88.09%, कक्षा सातवी में प्रथम दृष्टि साहू 99%, द्वितीय कल्पना कैवर्त्य 97.3%, श्रृष्टि कैवर्त्त 96%, कक्षा आठवीं प्रथम भूमि साहू 95.5%, द्वितीय माधवी पटेल 95.1%, तृतीय जयश्री खण्डेकर 91.66% इसी तरह से कक्षा नौवीं का औसत परिणाम 60% कक्षा 11वी का औसत परिणाम 69.7% आया। कक्षा नवमी A प्रथम जया देवांगन 92.5%, द्वितीय अदिति श्रीवास 92%, तृतीय ज्योति देवांगन 91.66% कक्षा नवमी B प्रथम ओशिका जायसवाल 93.33%, द्वितीय तनीषा 91%, तृतीय कृतिका 88.33% कक्षा ग्यारहवीं, प्रथम लक्ष्मी पैकरा 89%, द्वितीय ख़ुशी चौधरी 86%, तृतीय निरुपमा चौहान 85% साथ ही हिंदी माध्यम का परिणाम इस प्रकार रहा। कक्षा नवमी A प्रथम खुशबु 93.83%, प्रीति शर्मा 93.83%, द्वितीय अंजलि 91%, तृतीय करिश्मा 85.86% ग्यारहवीं, प्रथम हिमेश 92.4%, द्वितीय कौशिल्या 83.4%, तृतीय विजयलक्ष्मी 81.6% औसत परिणाम नवमी 55.92% एवं ग्यारहवीं 75.86% रहा। परीक्षा परिणाम घोषित करने के बाद बच्चो के मनोबल बढ़ाने हेतु प्राचार्य द्वारा बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि विद्यार्थी को निरंतर मेहनत करते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए और कठिन परिश्रम करने को कहा साथ ही उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले सभी बच्चो को सम्मानित किए और भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाए दिए। साथ ही पालको को बच्चों के साथ अधिक समय बिताने को कहा ताकि उनमें संस्कार के साथ साथ आत्मविश्वास बढ़े और अच्छा परिणाम लाकर नाम रोशन करें। इस अवसर पर विद्यालय में सेल्फी जोन भी बनाया गया, जिसमें सभी बच्चों द्वारा उत्साहित होकर इसका लाभ उठाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य और समस्त शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## शंकर नगर के क्रिस्टल आर्किड के पास पिंक कलर में अम्मा की चौपाटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शंकरनगर में क्रिस्टल आर्किड के पास की जगह पर पिंक कलर में अम्मा की चौपाटी बनेगी। यहां पर महिलाएं चाट-गुपचुप सहित अन्य तरह की खाने-पीने की सामग्री से लेकर बड़ी, अचार, पापड़, फल का विक्रय कर सकेंगी। इस जगह पर 80 से 100 महिलाओं के स्वरोजगार के लिये दुकानें बनाई जायेंगी। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार सुबह शंकर नगर में क्रिस्टल मार्केट के पास की जगह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर महिलाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त बाजार बनाने के निर्देश दिए। साथ ही जोन स्तर पर तत्काल प्रस्ताव बनाने के लिए कहा है। निरीक्षण के दौरान जोन 3 की कमिश्नर प्रीति सिंह तथा कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया उपस्थित रहे। जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने बताया आयुक्त के निर्देश पर बाजार को गुलाबी रंग में रंग कर पिंक बाजार अम्मा की चौपाटी का नाम दिया जायेगा। यहां पर महिलाएं चाट-गुपचप, घर की बनाई बड़ी-अचार, पापड़, फल सहित अन्य खाद्य सामग्री बेचकर स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगी। इसके लिए जोन से प्रस्ताव बनाया जायेगा।

#### महिलाओं के लिए बनेंगी 80 से 100 दुकानें


महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से 80 से 100 दुकानों का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया जायेगा। बाजार को पिंक बाजार या अम्मा की चौपाटी का नाम दिया जाएगा।

## 5 दिवसीय बूट कैंप 29 से, हैकथॉन के सलेक्टेड 225 विनर होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देने शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन द्वारा बूटकैंप के तीसरे चरण की घोषणा की गई है। यह कैंप 29 अप्रैल से 3 मई तक देश के 9 चयनित शहरों में आयोजित किया जायेगा। इसमें छत्तीसगढ़ में बूटकैंप का आयोजन करने अमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर को मेजबानी मिली है। आयोजन में हैकथॉन के चयनित 225 विजेता भाग लेंगे।

आयोजन संस्था के वाइस चांसलर डॉ. पीयूषकांत पांडे ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में इस बात की जानकारी दी। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने बताया कि भारत के



9 शहरों में इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता के बूटकैंप आयोजित किये जा रहे हैं। इनमें रायपुर की अमिटी यूनिवर्सिटी शामिल है। 5 दिवसीय आयोजन में 25 सेशन होंगे, जिसमें 20 सेशन बाहर से आये एक्सपर्ट के रहेंगे। डॉ. पांडे ने कहा, इनोवेशन केवल नए विचारों के बारे में नहीं है, यह इन विचारों के व्यवहारिक समाधानों में परिवर्तित करने के बारे में बताता है, जो कि हमारे समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक |
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### जैन समाज के युवाओं ने किया छाछ वितरण

**महासमुंद।** महावीर जयंती पर सकल जैन संघ के तत्वावधान में समाज के युवाओं का ग्रुप महावीर यूथ फाउंडेशन द्वारा नेहरू चौक में छाछ वितरण किया गया। भगवान महावीर के मूल मंत्र जियो और जीने दो एवं सर्व धर्म समभाव की भावना को लेकर छाछ वितरण का आयोजन किया गया। लगभग 4000 लोगों ने इस भीषण गर्मी में छाछ का लाभ लिया। युवाओं ने आने-जाने वाले सभी यात्रियों को छाछ वितरण किया गया। इस दौरान तन्मय लूनिया, श्रेयांश कोटडिया, सौरभ मालू, वैभव बोथरा, शुभम चोपड़ा, जिनेश मालू समेत जैन समाज के युवाओं का सहयोग रहा।

### दो अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय लोकसभा क्षेत्र 9 महासमुंद के अभ्यर्थियों द्वारा तृतीय लेखा मिलान के दिन व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास एवं व्यय प्रेक्षक रामप्रभु उड़ई आर के समक्ष व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी अब्दुल वहीद खान उपवनमंडलाधिकारी, आठों विधानसभा के सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम उपस्थित थे। निर्धारित तिथियों में 15 अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा की जांच के व्यय लेखा प्रस्तुत किया। जिसकी जांच कर सत्यापित किया गया। इस दौरान अभ्यर्थियों को कहा गया है कि खोले गए खाते से ही भुगतान करें। दो अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया है। उक्त दोनों अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। बता दें कि प्रथम लेखा मिलान 10 अप्रैल एवं द्वितीय लेखा मिलान 18 अप्रैल को किया गया था।

### सांई मंदिर में श्रीमद भागवत कथा 28 से

**महासमुंद।** स्थानीय सांई मंदिर महामाया पारा में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 28 अप्रैल से 6 मई तक दोपहर 3 बजे से किया गया है।

## निधन

### सुभद्रा वर्मा



**भरूवाडीह-सैहा-गुमा।** ग्राम पंचायत सैहा निवासी 54 वर्षीय सुभद्रा वर्मा का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे भुपेन्द्र की पत्नी, दिनेन्द्र गुरुजी की भाई बहु और लोकेश की मां थीं।

### मोहतरमा अमीर बी



**सिमगा।** ग्राम धोधा निवासी मोहतरमा अमीर बी 68 वर्ष का इंतिकाल हो गया। उन्हें धोधा हथबंद कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खाक किया गया। वे मुस्लिम समाज के संरक्षक इनायत खान की पत्नी व इब्राहिम खान की माताजी थीं। मय्यत में बड़ी संख्या में रिश्तेदार, समाज के परिजन और ग्रामवासी शामिल हुए।

**पर्व:** अग्रोहा मिल में सुंदरकांड पाठ कर भंडारे का आयोजन हुआ

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा, गूंजे रामराम के नारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

हनुमान जयंती पर निकाली शोभायात्रा, सैकड़ों लोग हुवे शामिल, लोगों ने लगाए जय हनुमान के जयकारे

भाटापारा। हनुमान जयंती पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। श्री संगीतमय सुंदर कांड समिति की ओर से शोभायात्रा कुली हनुमान मंदिर से निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए कृषि उपज मंडी पहुंची। इस दौरान शहर में जय हनुमान का नारा गूंज उठा। शोभायात्रा का रास्ते भर स्वागत हुआ। जगह-जगह चौक-चौराहों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत शरबत और ठंडे पेय से किया गया। जिस जगह से शोभायात्रा गुजरी, वहां अलग-अलग लोगों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। इसके साथ ही शोभायात्रा में शामिल हुए लोगों को शरबत, पानी, मिठाई, फल भी दिया गया।

डीजे की धुन पर जमकर थिरके हनुमान भक्त, जनप्रतिनिधि भी नाचते दिखाई दिये। मंडी समिति ने शोभायात्रा का मंडी पहुंचने पर आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया। मंडी प्रांगण के शिव मंदिर में शोभायात्रा का समापन हुआ, जहां भगवान शिव, हनुमानजी की आरती की गई, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। तत्पचात अग्रोहा मिल में सुंदरकांड पाठ कर भंडारे का आयोजन हुआ। श्री संगीतमय सुंदरकांड समिति संरक्षक राजेश उपाध्याय ने कहा की भाटापारा नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम भव्यता के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। हनुमान जयंती पर आयोजको ने पूरे प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी।



### हनुमान जन्मोत्सव पर स्काउट गाइड के छात्र–छात्रों ने बांटे प्रसाद

**पलारी।** नगर में मनाई गये हनुमान जन्मोत्सव पर स्काउट गाइड के छात्रों ने प्रसाद बांटे। यह कार्यक्रम भारत स्काउट एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएन वर्मा के निर्देशन में हुआ। डीओसी स्काउट सूरज, डीओसी गाइड नेहा उपाध्याय, विकासखंड सचिव संजीव पटेल और शाला प्रभारी कविता ध्रुव के मार्गदर्शन में संकट मोचन श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के पश्चात प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हाई स्कूल चरोदा के स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम में सहयोग दिया।

## जन्मोत्सव पर हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



**सिमगा।** चैत्र महीने की पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को भगवान हनुमान का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धुमधाम के साथ मनाया गया। सिमगा एवं ग्रामीण क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही हनुमान चालिसा का पाठ विधि विधान के साथ किया गया।

वहीं जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया। संकट मोचन भगवान हनुमान के दर्शन करने भक्तों की भीड़ दिनभर लगी रही। वहीं सिमगा के सरोपी तालाब स्थित प्राचीन चिंताहरण हनुमान मंदिर दक्षिण मुखी में भी इस दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां सुबह 8 बजे भगवान का श्रृंगार पूजा व आरती के बाद प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया तथा दोपहर 1 बजे भोग प्रसाद चढ़ावा के साथ आरती की गई। शाम 4 बजे से महाभंडारा प्रारंभ किया गया, जो देर रात तक जारी रहा। शाम 6.30 को भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी के महाआरती के पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

### ग्रामीण अंचल में हनुमान जन्मोत्सव की रही धूम



**भरुवाडीह।** अंचल के ग्राम कोकड़ी, रिसदा, पुरान, दशरमा, खपरी, अछोली, ठेलकी, खम्हरिया, चांपा, चिचोली, बेल्हा, सैहा, गितकेरा, औंरासी, चुचरूंगपुर, सरसेनी, गुमा, पौंसरी, भरूवाडीह, खैरवारडीह, ढ़नढ़नी, सरकीपार, सेम्हराडीह, पिपराही, चण्डी, खपराडीह, रवेली सहित अनेक गांवों में हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया। इस तरह ग्रामीणों ने भक्ति भाव के साथ हनुमान जयंती तथा रावन के गौठान स्थित श्री हनुमान मंदिर में प्रकटोत्सव पं. दीपक कुमार तिवारी के सानिध्य में मनाया गया। इसमें यजमान राकेश यदु परिवार और एवं ग्रामवासी रहे। ग्राम के कई स्थानों में भक्तों द्वारा महाप्रसाद बांटी गई। इस दौरान पूजा, दुर्गा, आरती, गोपिका, राजेश, छन्नू, संतोष, गोपाल, भरत, महादेव, चांदमणी, पन्ना धीवर, ओंमार, लखन, प्रदीप, शोभा, कामता, सतरुपा बाई, तिलक पटेल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## बोकरामुड़ाखुर्द में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम बोकरामुड़ाखुर्द में हनुमान जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में सुंदरकांड पाठ, भजन, यज्ञ-हवन व विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। ग्राम बोकरामुडाखुर्द में 2005 में हनुमान की मूर्ति स्थापित की गई है। यहां हनुमान, शनि देव, विष्णु देव, राम लक्ष्मण, सूर्य देव, मां काली, मां तुलसी, तारिणी मां, चंडी माता की भी मूर्ति स्थापित है। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर समिति द्वारा खीर पूड़ी, केला, सेब अंगूर का भोग लगाया गया। पुजारी संपत यादव, पुजारी ब्रह्मदेव माझी, जगन्नाथ मांझी, विश्राम यादव, भुवनेश्वर माझी, सरपंच यशोदा सहदेव मांझी, जनपद सभापति मंगलू राम ठाकुर, सुबन यादव, वकील मांझी, तिलक विश्वकर्मा, हेमसागर यादव, नायकराम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम जयंती मनायेगा सरयू साहित्य परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सरयू साहित्य परिषद द्वारा समय-समय पर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से निरंतर रचनात्मकता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सबके राम सबमे राम की अवधारणा के साथ विगत पांच वर्षों से रामायण ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता के माध्यम से भगवान राम के जीवन वृत तथा रामायण की महत्ता प्रसारित करने का कार्य निरंतर जारी है।

प्रतिवर्ष तुलसी जयंती पर होने वाले इस आयोजन में अभी तक सरयूपारी ब्राम्हण समाज की भागीदारी रहती थी, लेकिन परिषद द्वारा महसूस किया गया कि सबमें राम सबके राम की अवधारणा को पूरी तरह फलीभूत करने के तहत भागीदारी में विस्तार की आवश्यकता है। इस मसले पर विभिन्न ब्राम्हण समाज प्रकल्प प्रमुखों से चर्चा पर इस विषय पर चंहुओर से सकरात्मक संदेश प्राप्त होता हुआ नजर आया एवं समस्तजनों द्वारा एक स्वर में इस पहल की सराहना करते हुए समर्थन किया गया।



### बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर होगी चर्चा

विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा तथा आपसी सहमति से कुछ विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय के साथ ही आगामी बैठक 28 अप्रैल को संध्या 4.30 बजे कान्यकुब्ज भवन पुष्प मंगलम में रखने का निर्णय लिया गया तथा बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा विचार विमर्श एवं रुपरेखा बनाने पर आम सहमति बनी। बैठक में प्रमुख रुप से सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा, कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज अध्यक्ष अटल बिहारी त्रिवेदी, अजयकांत शुक्ला, देवकांत मिश्रा, मनीष मिश्रा, पं. दुर्गा प्रसाद तिवारी, मुकेश शर्मा, प्रकाश तिवारी, अजय तिवारी, दिनेश शर्मा, लखन लाल शर्मा, महिला सदस्यों में वंदना गोपाल शर्मा, सरिता रानी शर्मा, निशा आनंद शर्मा प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### कान्यकुब्ज भवन में बैठक आयोजित

विचार-विमर्श की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात रामायण ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता के संबंध में चर्चा तथा समस्त ब्राम्हण प्रकल्पों की भागीदारी की रुपरेखा तैयार करने के लिए कान्यकुब्ज भवन पुष्प मंगलम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर निर्णय हुए। इसके तहत आयोजन की तिथी तुलसी जयंती का निर्धारण, आयोजन की पद्धति पूर्ववतः रखने पर सहमति, प्रतिभागियों के आयु सीमा निर्धारण पर चर्चा, आयोजन के लिए समिति निर्माण पर चर्चा तथा भगवान परशुराम जयंती पर निर्मित धार्मिक माहौल का आयोजन के प्रसार के लिए उपयोग जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा एवं आपसी विचार विमर्श हुआ।

## जिला कांग्रेस भवन बना पार्टी का चुनावी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय का स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में कांग्रेस द्वारा घोषित गारंटी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की गई।

■ अतिथियों ने किया शुभारंभ, कहा– गरीब महिलाओं को मिलेगा 1 लाख सालाना

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ देवक जांगड़े, थनवार वर्मा, तिलक कन्नौज द्वारा किया गया। इस अवसर पर शैलेश नितिन त्रिवेदी, जनक राम वर्मा, कृषक कल्याण परिषद के सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के विद्याभूषण शुक्ला, हितेन्द्र ठाकुर, कृषि उपज मंडी के तुलसीराम वर्मा, परमेश्वर यदु, शैलेंद्र बंजारे, गणेश शंकर साहू, जुगल भट्टर, मोतीलाल वर्मा द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है, जिसमें प्रमुख रूप से महिलाओं के लिए महालक्ष्मी न्याय गारंटी योजना के तहत महिलाओं को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए, 30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी, किसानों के लिए कर्ज माफी एवं एमएसपी में देश में एकरूपता फॉर्मूला, मनरेगा श्रमिकों को 400 रु प्रति दिन के साथ सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति हर वर्ग की गिनती की गारंटी तय की गई है। उपस्थित वक्ताओं ने भाजपा के क्रियाकलाप एवं वर्तमान चुनाव में उनकी 400 रुपए पर के दावे को संविधान बदलने के खतरे के रूप में निरूपित किया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ईडी आईटी जैसे केंद्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग भाजपा की संस्थाओं की तरह कार्य करवा रही है। इसका उदाहरण देश के दो मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों जो की भाजपा के समर्थित नहीं है, उन्हें कई आरोप लगाकर जेल में बंद करके रखा गया है। वहीं भाजपा के समर्थित भ्रष्टाचारी नेता खुले आम घूम रहे हैं।



बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी, रूपेश सिंह ठाकुर, सेवादल जिला अध्यक्ष संतोष यादव, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जितेंद्र नवरत्न, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष राजा तिवारी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष संदीप पांडे, आर्यन शुक्ला एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, दीपक साहू, कालिंद्री वर्मा, पद्मेश्वरी साहू, आर्यन शुक्ला, दिगंबर साहू, अविनाश मिश्रा, सुभाष राव पार्षद डीगेश्वरी नामदेव, हेमचंद केशरवानी, मनोज प्रजापति, बबलू खान, पार्षद धर्मेंद्र वर्मा, नीलेश बंजारे, सुखदेव साहू, दिगंबर साहू, केके वर्मा, राजेंद्र कुमार, गोलू साहू, टोनी कुर्रे, टिकेश्वर साहू, दुलार निषाद, गणेशू ध्रुव, पप्पू मानिकपुरी, राजेश साहू, दाऊ यादव, टापलाल वर्मा, विद्या वर्मा, संतोष कुमार, देवेश साहू, नेताम ठाकुर, चंद्रभान वर्मा, सुंदर साहू, राजेश साहू सहित जोन सेक्टर बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों की जांच पड़ताल में पहुंचे जनरल ऑब्जर्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार


लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-3 जांजगीर–चाम्पा के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की जनकरी ली। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी केएल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार भी उपस्थित थे।

सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने जिले में मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्र की संख्या, मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं, मतदान दलों का प्रशिक्षण, ईव्हीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन, कमीशनिंग, डाक मतदान, वेब कास्टिंग, सुरक्षा व्यवस्था, एसएसटी, एफएसटी दलों द्वारा कार्यवाही, सी–विजिल एप्प में शिकायतों का निपटारा आदि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल रूम, वीडियो निगरानी कक्ष, व्यय अनुवीक्षण इकाई, एमसीएमसी का निरीक्षण कर अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक ने नवीन मंडी परिसर स्थित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाबलों, सीसीटीवी कैमरा, डबल लॉक इत्यादि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरआर दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



■ लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों का लिया जायजा, अनुवीक्षण इकाइयों व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

## नर्रा क्षेत्र में फोन के कमजोर नेटवर्क से उपभोक्ता परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

परसुली मुख्य मार्ग पर स्थित जियो टावर में कई महीनों से नेटवर्क कमजोर या रेंज के अभाव से उपभोक्ता परेशान है। इस गांव तथा आसपास गांवों के जियो उपभोक्ताओं ने बताया कि गांव में बिलकुल नेटवर्क नहीं बताता। टावर के पास आने से नेटवर्क मिल पाता है। जिससे नेट की समस्या से च्वाइस सेंटरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समय पर नक्शा खसरा बी वन एवं फिंगर से पैसा निकासी नहीं हो पा रहा जिसके चलते जियो ग्राहकों में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ितों ने टावर की रेंज क्षमता वृद्धि को शीघ्र बढ़ाने की मांग की है।

